तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 मई 2026

12 58 जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज एवं पारंपरिक...



13 निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की ....





## खबर संक्षेप



### इंटरनेशनल गोसुकुरियो कराते दो की बेल्ट परीक्षा

**जगदलपुर।** इंटरनेशनल गोसुकुरियो कराते दो एसोसिएशन द्वारा आयोजित कराते छात्रों की बेल्ट परीक्षा स्थानीय विद्या ज्योति स्कूल ग्राउंड में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर शाखा के प्रशिक्षक अब्दुल मोइम के मार्गदर्शन में 45 विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकों, अनुशासन एवं आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन किया। परीक्षा में शामिल सभी खिलाड़ियों ने उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रशिक्षक ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और समर्पण से खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं बेल्ट प्रदान किया।

### भाजपा का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आज से

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पं.दीनदयाल उपाध्यक्ष प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अन्तर्गत जिले के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने 21 मई से दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन ग्राम आसना में किया जायेगा। प्रशिक्षण वर्ग में बस्तर जिले के पदाधिकारी कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि मण्डल के कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण वर्ग के बाद जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का दो दिवसीय आयोजन कल गुरुवार से आरंभ होगा। जिसमें विभिन्न विषयों पर संगठन के वरिष्ठजनों द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जायेगा।

### सहायक शिक्षकों की संशोधित अंतरिम वरिष्ठता सूची जारी

**जगदलपुर।** शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा सहायक शिक्षक एल.बी. ई एवं टी संवर्ग, स्नातक-स्नातकोत्तर एवं प्रशिक्षित संभाग स्तरीय की 1 अप्रैल 2025 की स्थिति में संशोधित अंतरिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। कार्यालयीन पत्र के माध्यम से जारी की गई इस सूची के प्रकाशन के साथ ही संबंधित शिक्षकों को अपनी आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर भी दिया गया है। विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, यदि किसी सहायक शिक्षक को इस प्रकाशित वरिष्ठता सूची में कोई त्रुटि या विसंगति नजर आती है, तो वे मंगलवार 26 मई तक विकासखण्ड अथवा जिला स्तर पर अपनी दावा-आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात किसी भी दावे या आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही बस्तर संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया शेष पेज 12 पर

# संग्रहालय सांस्कृतिक अध्ययन के लिए लैब : सरबजीत

## विश्व विद्यालय के मानव विज्ञान अध्ययनशाला में व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जोनल एंथ्रोपोलोजिकल म्यूजियम, जगदलपुर के असिस्टेंट कीपर सरबजीत सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल रहे। इसमें सरबजीत ने कहा कि संग्रहालय सांस्कृतिक अध्ययन के लिए लैब का काम करता है। संग्रहालय केवल पुरातात्विक और सांस्कृतिक संदर्भों के सामान को रखने का जगह नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने एवं विभिन्न संस्कृतियों के बीच ब्रिज का कार्य करता है,



### गहराई से समझने का प्रयास करें

विभागाध्यक्ष डॉ. सुकृता तिर्की ने कहा कि संग्रहालय समाज और राष्ट्र के लिए बहुत उपयोगी हैं। संग्रहालय का भ्रमण करते समय वहां डिस्पले किए गए ऐतिहासिक धरोहरों के उद्देश्य को गहराई से समझने का प्रयास करना चाहिए।

म्यूजियम अतीत का आईना होता है। यदि हम कोई कल्चर सीखते हैं तो उसके प्रति मन में सम्मान आता है। उन्होंने बताया कि जगदलपुर में एंथ्रोपोलोजिक जोनल केंद्र की स्थापना 1972 में हुई थी तब से यह संस्थान बस्तर के यूनिक कल्चर को संरक्षित करने का कार्य कर रहा है। कठिन क्षेत्र होने के कारण बस्तर में संस्कृति बची है। उन्होंने कहा कि हमें स्थानीय लोकगीतों और लोक कथाओं का अध्ययन व संरक्षण करना चाहिए, ये लोकगीत और कथाएं हमें इतिहास की कई कहानियां बताती हैं। उन्होंने इंडियन म्यूजियम, नेशनल म्यूजियम, आईजीआरएमएस और जोनल एंथ्रोपोलोजिकल म्यूजियम, जगदलपुर के स्थापना के उद्देश्यों एवं उसकी विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उत्तर आधुनिकता के इस दौर में शेष पेज 12 पर

## एसोसिएशन ने नारेबाजी कर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में बंद रहे जिले के मेडिकल स्टोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

ऑनलाइन फार्मेसी के बढ़ते कारोबार और भारी डिस्काउंट नीति के विरोध में बुधवार को बस्तर सहित पूरे देश में दवा व्यवसायियों ने राष्ट्रव्यापी बंद का आयोजन किया। दवा विक्रेताओं की केंद्रीय संस्था के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन के तहत सभी मेडिकल स्टोर पूरी तरह बंद रहे।

- मेडिकल संचालकों ने धरना-प्रदर्शन कर मांगों को लेकर सरकार से जताई नाराजगी

बस्तर जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के नेतृत्व में जिले के मेडिकल संचालकों ने धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। दवा व्यवसायियों ने सरकार से मांग की कि ऑनलाइन फार्मेसी के लिए कड़े नियम बनाए जाएं,



बिना डॉक्टर के पर्चे के दवा बिक्री पर रोक लगे और छोटे दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान दवा व्यवसायियों ने ऑनलाइन फार्मेसी से समाज में बढ़ रहे खतरों को लेकर भी चिंता जताई। बस्तर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष



एवं सीसीडीए कार्यसमिति सदस्य दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ व्यापार बचाने के लिए नहीं बल्कि आम केमिस्टों के शेष पेज 12 पर

### दुकानदार आर्थिक संकट से जूझ रहे

एसोसिएशन के सचिव सतीश शुक्ला ने कहा कि ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियों द्वारा मनमाने तरीके से दवाओं की बिक्री की जा रही है, जिससे छोटे मेडिकल स्टोर संचालकों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। दवा व्यापारियों का आरोप है कि कॉर्पोरेट कंपनियां भारी छूट देकर बाजार पर कब्जा करने की कोशिश कर रही हैं, जबकि छोटे दुकानदार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

### नकली दवाओं का कारोबार बढ़ने का खतरा

एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत सरडे ने बताया कि ऑनलाइन फार्मेसी माध्यमों के जरिए नकली और एक्सपायर्ड दवाओं का कारोबार बढ़ने का खतरा लगातार बना हुआ है। कई मामलों में दवाओं के रैपर और एक्सपायरी डेट बदलकर बाजार में बेचने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। डिस्काउंट के लालच में मरीज ऐसी दवाएं खरीद लेते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य और जीवन पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

### एसोसिएशन ने की आपातकालीन सेवा

बंद के दौरान मरीजों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए बस्तर केमिस्ट एसोसिएशन ने आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था बनाए रखी। एसोसिएशन द्वारा चार इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए, ताकि किसी भी गंभीर मरीज को आवश्यक दवा समय पर उपलब्ध कराई जा सके।

# भैरमगढ़ में तैनात सीआरपीएफ जवान की हार्टअटैक से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ स्थित फुडरी सीआरपीएफ कैम्प में तैनात की हार्टअटैक से मौत हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें डिमरापाल मेडिकल कॉलेज बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया था। लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पश्चिम बंगाल निवासी जवान के शव को पीएम के बाद गृहग्राम रवाना किया गया। जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ में पदस्थ आरक्षक सुभाष डे को 17 मई को हार्टअटैक के बाद जिला अस्पताल बीजापुर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। यहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। जहां उपचार के दौरान 19 मई को उनकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि आरक्षक



सुभाष डे 32 वर्ष मूलतः ग्राम शिमलापाल थाना शिमलापाल जिला बानकुरा पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के फुंदरी स्थित सीआरपीएफ कैम्प में पदस्थ थे। सुभाष 23 अप्रैल 2024 को 192 बटालियन से 165 बटालियन बीजापुर में पदस्थ किए गए थे। 17 मई को अचानक हार्ट अटैक आया जिसके बाद उन्हे बीजापुर अस्पताल ले जाया गया। जहां से बेहतर उपचार के लिए मेकाज लाया गया। उपचार के दौरान 19 मई को उनकी मौत हो गई। शव को पीएम के बाद गृहग्राम के लिए रवाना किया गया।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस तरणताल जल्द होगा शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहरवासियों को जल्द ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस तरणताल की सुविधा मिलने जा रही है। दो बार निविदा निकालने के बाद भी किसी ने भी निविदा नहीं भरा। इसके बाद यह निर्णय लिया गया कि स्विमिंग पूल का संचालन नगर निगम स्वयं करेगी। स्विमिंग पूल का निरीक्षण आज महापौर संजय पांडेय ने नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा एवं एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही के साथ किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्विमिंग पूल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। इसके अलावा विद्युत व्यवस्था, साउंड सिस्टम, चेंजिंग रूम, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। अब जल्द ही उपलब्ध संसाधनों के आधार पर शेष पेज 12 पर

- महापौर ने किया निरीक्षण, शहरवासियों को मिलेगी सुविधा

### साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें

महापौर संजय पांडेय ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस तरणताल को जल्द ही आम जनता के लिए प्रारंभ किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई व सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए कहा। गर्मी के दिनों में यह स्विमिंग पूल शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा तथा लोगों को बेहतर मनोरंजन और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएगा।

# आसना के वार्षिक मेला में शामिल हुए विधायक देव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

ग्राम आसना के शीतला माता मंदिर में आयोजित वार्षिक मेला में आस्था, पंरपरा और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने माता शीतला मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना की। साथ ही जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनके समस्याओं के समाधान करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। देव का पारंपरिक रूप से ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर स्वागत व अभिनंदन किया। देव ने कहा कि आसना मे शीतला माता व कंकालीन माता मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मेला में



शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। गौरतलब है कि बस्तर में आयोजित मेला,मंडई का अपना विशेष महत्व होता है। जिसमें हमारी बस्तर की कला संस्कृति,परम्परा का समावेश होता है। मेला में जनपद सदस्य अनिता नागें, संरपंच प्रेमवती, राधाकांत पाणिग्राही, देवशंकर पंडा, विनोद पाणिग्राही, गजेन्द्र पाणिग्राही, वेणुधर पाणिग्राही, गुरूनारायण गोवर्धन आचार्य, मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# चित्रकोट के पदरगुड़ा में शव दफनाने को लेकर बवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के चित्रकोट पदरगुड़ा पारा निवासी युवक की सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई थी। शव को चित्रकोट दफनाने के लिए लाया गया था ले कि न ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए शव दफनाने से मना किया, जिसके बाद दो पक्षों में विवाद हो गया। काफी समझाइश के बाद मृतक के परिजन शव को जगदलपुर के करीब करकापाल में अंतिम संस्कार करने के लिए सहमत हुए तब जाकर विवाद समाप्त हुआ। शव दफनाने को लेकर हुए विवाद की खबर मिलते ही प्रशासनिक अधिकरियों व लोहण्डीगुड़ा पुलिस के साथ भारी संख्या में जवानों को

- ग्रामीणों के विरोध के बाद करकापाल में किया गया अंतिम संस्कार



### समझाइश के बाद दोनों पक्षों में बनी सहमति

शव दफनाने को लेकर हुए विवाद के बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार कैलाश पोयाम, लोहण्डीगुड्डा टीआई रविकुमार बैगा, मारडूम टीआई डेमन भूआर्य, बड़ाजीं टीआई केशरी साहू समेत बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई थी। तहसीलदार द्वारा दोनो पक्षों को सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन की जानकारी देते हुए समझाइश दी गई। जिसके बाद मृतक के परिजनों व ईसाई समुदाय के लोग करकापाल में शव दफनाने के लिए सहमत हो गए। जिसके बाद शव को बुधवार शाम करकापाल में कफन दफन किया गया। पुनः किसी तरह का विवाद न हो इसके लिए एहतियातन पुलिस बल की तैनाती की गई है।

तैनात किया गया था। लोहण्डीगुड़ा टीआई रवि कुमार बैगा ने बताया कि चित्रकोट पदरगुड़ा पारा निवासी पुरेन्द्र कुमार बघेल पिता शामुराम बघेल 28 वर्ष किसी काम से 19 मई को चित्रकोट से जगदलपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान बड़ाजी थाना क्षेत्र स्थित चोण्डीमेटावाड़ा के करीब उसकी मोटरसाईकल दुर्घटनाग्रस्त शेष पेज 12 पर

## सुशासन तिहार कुरुषपाल शिविर में प्राप्त हुए 236 आवेदन

# ग्रामीण हितग्राहियों को मौके पर मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर विकासखंड के ग्रामीण अंचल कुरुषपाल में बुधवार को सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुँचाने के उद्देश्य से क्षेत्र के ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस विशेष शिविर में ग्रामीणों से विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर कुल 236 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की गई। क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए

- 36 लाख के विकास कार्यों की सौगात



जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप द्वारा कुल 36.06 लाख रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई और पूर्ण हो चुके कार्यों को जनता को समर्पित किया गया। विधानसभा नारायणपुर के अंतर्गत आने वाले इन क्षेत्रों में कुरुषपाल के स्थानीय विकास को विशेष प्राथमिकता देते हुए विधायक निधि से साढ़े चार लाख रुपये की लागत से बनने वाली 1.50 मीटर लंबी पुलिया का मार्ग भी प्रशस्त किया गया। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान और शकुंतला कश्यप सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर के दौरान विकास कार्यों की सौगात देने और प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लेने के साथ ही विभिन्न विभागों ने सक्रिय सहभागिता शेष पेज 12 पर

### दिव्यांग हितग्राहियों को दी गई ट्राई-सायकल

शिविर के दौरान शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सहायता दी गई। जिसके तहत शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र तथा नवसाक्षरों एवं स्वयंसेवकों को उल्लास नवसाक्षता प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। समाज कल्याण विभाग ने बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक वृद्धावस्था पेंशन की राशि बांटी और राजपुर, पाथरी व मुण्डागांव के दिव्यांग हितग्राहियों को ट्राई-सायकल प्रदान किया गया। अंचल के अन्नदाताओं को समृद्ध बनाने के लिए कृषि विभाग द्वारा उन्नत बीज किट व मृदा स्वास्थ्य हेल्थ कार्ड, उद्यानिकी विभाग द्वारा कटहल के पौधों और मत्स्यपालन विभाग द्वारा मत्स्य बीज व जालों का वितरण किया गया। शिविर के में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन से लाभान्वित बुजुर्गों को निःशुल्क चश्मे, आयुष्मान वय वंदन कार्ड और युवाओं को सिकलसेल कार्ड प्रदान किया गया, साथ ही श्रम विभाग द्वारा श्रमिक परिवारों के बच्चों को मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना की राशि दी गई।



## खबर संक्षेप



### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, 66 आवेदन मिले

**फरसगांव।** नगर के वार्ड क्रमांक 03 स्थित सामुदायिक भवन में बुधवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पंचायत के सभी वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर की शुरुआत में फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं श्रम कार्ड वितरित कर शासन की योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर में कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 28 आवेदन नगर पंचायत एवं 38 अन्य विभागों से संबंधित रहे। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार सुश्री निधि नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, सीएमओ मयंक बसंतवानी, सुशासन नोडल अधिकारी गौरव साव, सहायक नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र कुर्रे, पार्षद रीता गौतम, नरेंद्र गौर, संगीता राव, विनोद पांडे, पूर्व अध्यक्ष गणेश दुग्गा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे ।

### सुरडोंगर विद्यालय में नवीन भवन निर्माण का भूमिपूजन



**केशकाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक सुरडोंगर मे नवीन माध्यमिक शाला भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन बुधवार को किया। विधायक नीलकंठ टेकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमला नेताम व पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नीलकंठ टेकाम ने कहा की हमारी सरकार शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है जिसके लिये शाला मे विकास कार्य किया जा रहा जिसके तहत आज सुरडोगर विद्यालय मे नवीन भवन का निर्माण किया जा रहा है, आभार प्रदर्शन शाला प्राचार्य नाविक सर ने किया।

### बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के तहत आज लगेंगे शिविर

**कोण्डागांव।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न गांवों में 21 मई को कलस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ–साथ नगर पंचायत में भी सुशासन शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों का निराकरण किया जाएगा। जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पिटेचुंवा में आयोजित शिविर में खलारी, कोसमी, गोविंदपुर, हात्मा, बस्तरबुडरा, पिटेचुंवा और सरगीपाल के ग्रामीण शामिल होंगे।

# 308 करोड़ की लागत से बन रहे 11.38 किमी लंबे फोरलेन बायपास का सचिव ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने रायपुर-जगदलपुर मार्ग पर बहुप्रतीक्षित केशकाल घाट फोरलेन बायपास रुट का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के साथ बायपास के दोनों छोरों का निरीक्षण किया। उन्होंने बायपास का काम तत्काल प्रारंभ करने को कहा। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी भी इस दौरान मौजूद थे। श्री बंसल ने बायपास के रास्ते में शेष बचे पेड़ों की कटाई तत्परता से करने के निर्देश वन मंडलाधिकारी को दिए हैं।



**तत्काल काम शुरू करने के दिए निर्देश**

उन्होंने बायपास से संबंधित मुआवजा प्रकरणों की जानकारी लेकर लंबित मामलों का निराकरण यथाशीघ्र करने को कहा। उन्होंने कहा कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के लिए यह बायपास अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका तेजी से निर्माण कर आवाजाही शुरू करना सरकार की प्राथमिकता में है।

### 2 वृहद और 2 मध्यम पुल भी बनेंगे

लोक निर्माण विभाग द्वारा 308 करोड़ रुपए की लागत से 11.38 किमी लंबे केशकाल घाट बायपास का निर्माण किया जा रहा है। इस बायपास में दो वृहद और दो मध्यम पुल भी बनाए जाएंगे।

## आयोजन : उपमुख्यमंत्री, वन मंत्री व अन्य ने नवदंपती को दिया आशीर्वाद

# 58 जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज एवं पारंपरिक विधि-विधान से हुआ विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रियदर्शनी मैदान सुरडोंगर में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 58 जोड़ों का विवाह पूरे वैदिक रीति-रिवाज एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। विवाह समारोह में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। तथा पूरे आयोजन में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री, वन मंत्री एवं सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। अतिथियों ने नवविवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलती है तथा सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रियदर्शनी मैदान में आकर्षक विवाह मंडप सजाया गया था। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रस्मों के बीच सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान नवदंपत्तियों को विवाह सामग्री एवं उपहार भी प्रदान किए गए।

■ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना



### ये रहे उपस्थित

समारोह में बड़ी संख्या में वर-वधु पक्ष के परिजन, ग्रामीणजन, अधिकारी-कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्थानीय प्रशासन तथा कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विधायक उसेंडी ने 4.69 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक लता उसेंडी ने मंडी परिसर में 4 करोड़ 69 लाख 77 हजार रुपए लागत के 17 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य प्रमुख रूप से शामिल है। कार्यक्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लता उसेंडी ने कहा कि मिनी स्टेडियम निर्माण से खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने नागरिकों से निर्माण कार्यों को सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प से बस्तर माओवाद मुक्त हुआ है और अब क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं।

### मिनी स्टेडियम पर खर्च होंगे 195 लाख रुपए

भूमिपूजन किए गए कार्यों में 195.55 लाख रुपए की लागत से मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य प्रमुख है। इसके अलावा गार्डन निर्माण, सीसी रोड, सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण, सांस्कृतिक भवन और प्रयोगशाला कक्ष निर्माण जैसे कई कार्य शामिल हैं। नगर के विभिन्न वार्डों में डोम शेड निर्माण कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों से सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं पीएमश्री स्कूल में प्रयोगशाला कक्षों का निर्माण कराया जाएगा।

# झाटीबन सुशासन शिविर में योजनाओं का दिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



विकासखंड फरसगांव के ग्राम झाटीबन में बस्तर मुन्ने नियाद नेल्लानार 2.0 सुशासन तिहार अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शिविर में स्वास्थ्य, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पंचायत एवं अन्य विभागों ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, खसरा बी-1, किसान किताब, सुपोषण किट, गोदभराई, अन्नप्राशन एवं पौधों का वितरण किया गया। शिविर में कुल 149 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 148 मांग और 1 समस्या संबंधी आवेदन शामिल रहा। अधिकारियों ने आवेदनों के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# केशकाल में रहा दवा व्यापार पूरी तरह बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल




नगर में बुधवार 20 मई को दवा व्यापार पूरी तरह बंद रहा। जिला दवा विक्रेता संघ के निर्देश के अनुसार नगर के दवा विक्रेताओं ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। संघ का कहना है कि देशभर के लाखों केमिस्ट एवं दवा विक्रेता लंबे समय से कई गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। इसी के विरोध में अखिल भारतीय संगठन एआईसीडी के आवाहन पर बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद किया गया। इस अवसर पर भरत मालू, कमलेश जैन, विकास कटारिया ने बताया कि हमारी प्रमुख मांगों में अवैध ई फार्मेसी पर पूर्ण प्रतिबंध हो, ऑनलाइन दवा बिक्री से जुड़े नियमों में बदलाव और बड़े कॉर्पोरेट द्वारा भारी छूट देकर किया जा रहे प्रिडेटरी प्राइसिंग पर रोक शामिल है।

# शहर और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए जल्द ही बड़ी सौगात: साव

**केशकाल।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव आज केशकाल क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम तेलिन सती माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद वे साहू समाज द्वारा आयोजित तेलिन सती महोत्सव में शामिल हुए। डिप्टी सीएम ने केशकाल शहर के चौड़ीकरण और पर्यटन स्थलों के विकास हेतु जल्द ही बड़ी सौगात देने की बात कही है। मीडिया से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के विकास और सामाजिक परंपराओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज को एकजुट करने वाला बताते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराएं ही समाज की असली पहचान हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य रूप से वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद भोजराज नाग, सांसद महेश कश्यप, विधायक नीलकंठ टेकाम, विधायक आशाराम नेताम, विधायक संदीप साहू, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीरेंद्र साहू, कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना, एसपी पंकज चंद्रा सहित समाज के अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



# केंद्रीय टीम ने जुगानीकलार में किया जल जीवन के काम का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

अतिरिक्त सचिव भारत सरकार एवं जल जीवन मिशन के मिशन संचालक कमल किशोर सोन ने कोंडागांव जिले के भ्रमण के दौरान विकासखंड फरसगांव के ग्राम जुगानीकलार पहुंचकर जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित एकल ग्राम पेयजल योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान एरिया अधिकारी उमेश भारद्वाज सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान योजना के संचालन, जल वितरण प्रणाली एवं पानी की गुणवत्ता जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने जलापूर्ति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों से भी चर्चा की। कार्यपालन अभियंता वीरेंद्र पांडे ने बताया कि ग्राम जुगानीकलार में 215.03 लाख रुपए की लागत से योजना स्वीकृत की गई है। योजना के तहत 65 किलोलीटर क्षमता की आरसीसी ऊंची पानी टंकी एवं सौर टंकी के माध्यम से 409 घरों में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्राम पंचायत जुगानीकलार की सरपंच संगीता नेताम ने बताया कि योजना शुरू होने के बाद ग्रामीणों को हैंडपंप पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है और घर-घर स्वच्छ पेयजल मिलने से काफी राहत मिली है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वर्षा ऋतु के पूर्व एवं पश्चात अधिक से अधिक जल परीक्षण कराने, वर्ष में दो बार पानी टंकियों की नियमित सफाई करने तथा ग्रामीणों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन पर विशेष ध्यान देने और गांव स्तर पर लोगों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

### लोगों को किया जागरूक

इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत निर्मित शौचालयों के उपयोग एवं घरों से निकलने वाले अपशिष्ट जल के उचित निपटान के संबंध में भी ग्रामवासियों को जागरूक किया गया।

## 27 दिनों की सतत देखभाल और इलाज से मिला नया जीवन

# जिला अस्पताल के एसएनसीयू ने बचाई नवजात की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला अस्पताल के विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई एसएनसीयू में एक गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशु को नया जीवन मिला है। लगातार 27 दिनों तक चली गहन चिकित्सा, आधुनिक उपचार और स्वास्थ्य टीम की सतत निगरानी से शिशु पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट सका। यह सफलता जिला अस्पताल में उपलब्ध बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सकों की समर्पित सेवा का उदाहरण बनकर सामने आई है। जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल कोण्डागांव में नवजात शिशुओं के उपचार और देखभाल की व्यवस्थाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रेमलाल मंडावी द्वारा एस.एन.सी.यू. में आवश्यक दवाइयों, उपकरणों और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। 18 अप्रैल 2026 को विकासखंड फरसगांव निवासी पूर्णिमा साहू और दीपक साहू के पुत्र का जन्म एक निजी अस्पताल में हुआ। जन्म के समय शिशु का वजन मात्र 2 किलोग्राम था। परिवार पहले से ही मानसिक तनाव में था, क्योंकि दंपत्ति के पहले बच्चे की नवजात अवस्था में ही मृत्यु हो चुकी थी। दूसरे बच्चे की हालत भी गंभीर होने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल कोण्डागांव रेफर किया गया। जिला अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रूद्र कश्यप और डॉ. राजेश बघेल ने जांच के दौरान पाया कि नवजात कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा था। शिशु को परिनैटल एस्फिक्सिया, हाइपोथर्मिया, रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस, शॉक, सेंट्रल सायनोसिस, एपनिया और गैसपिंग जैसी गंभीर स्थितियां थीं। सबसे चिंताजनक बात यह थी कि उसका ऑक्सीजन स्तर केवल 60 प्रतिशत रह गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एस.एन.सी.यू. टीम ने तत्काल गहन उपचार शुरू किया।

■ गंभीर हालत में भर्ती शिशु को डॉक्टरों और स्वास्थ्य टीम ने दी नई उम्मीद



### परिवार ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य टीम का जताया आभार

शिशु के स्वस्थ होने पर परिवार ने जिला अस्पताल की स्वास्थ्य टीम, चिकित्सकों और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। परिवार का कहना है कि समय पर मिले उपचार और डॉक्टरों की मेहनत से उनके बच्चे को नया जीवन मिला है। यह सफलता जिला अस्पताल कोण्डागांव में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और समर्पित चिकित्सा व्यवस्था का प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

### 15 दिन वेंटिलेटर पर रहा मासूम

उपचार के दौरान शिशु को लगातार 15 दिनों तक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। इसके अलावा 2 दिनों तक सीपीएपी सपोर्ट और 4 दिनों तक ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। डॉक्टरों की टीम ने आवश्यक दवाइयों, एंटीबायोटिक्स और निरंतर निगरानी के माध्यम से इलाज जारी रखा।

### कंगारू मदर केयर बनी जीवनदायिनी

शिशु की स्थिति स्थिर होने के बाद विशेषज्ञों ने "कंगारू मदर केयर" अपनाने की सलाह दी। इस पद्धति से शिशु को मां के शरीर के संपर्क में रखकर देखभाल की जाती है, जिससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत होता है। इस देखभाल से शिशु के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ। संक्रमण का खतरा कम हुआ और वजन बढ़ने लगा। लगातार 27 दिनों तक चली विशेष चिकित्सा और देखभाल के बाद शिशु की हालत में उल्लेखनीय सुधार हुआ। 14 मई को नवजात को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। डिस्चार्ज के समय उसका वजन 1.770 किलोग्राम दर्ज किया गया।

## पेज 11 के शेष

### संग्रहालय सांस्कृतिक....

जो किताबों में लिखा है उसे लेकर तर्क और रिसर्च करना भी जरूरी है। व्याख्यान का संचालन डॉ. शारदा देवांगन ने किया, इस वर्ष की थीम ह्यूम्यूजियम्स यूनाइटिंग ए डिवाइडेड वर्ल्ड पर हुए व्याख्यान में डॉ. लखन लाल विश्वकर्मा, डॉ. प्रकाश एवं विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन फार्मेसी ....

अस्तित्व की लड़ाई है। दवा का व्यवसाय सिर्फ व्यापार नहीं बल्कि मानव सेवा से जुड़ा कार्य है। स्थानीय मेडिकल स्टोर रात-दिन मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं, जबकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म केवल मुनाफे के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। बस्तर में आयोजित इस धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत सरडे, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष असद खान, सचिव सतीश शुक्ला, कोषाध्यक्ष रोहित महापात्र, संगठन सचिव विनोद श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में मेडिकल संचालक शामिल रहे।

### सहायक शिक्षकों की.....

गया है कि वे समय-सीमा के भीतर प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों को विधिवत सूचीबद्ध करें और उनका गहन परीक्षण व निराकरण करते हुए अंतिम वरिष्ठता सूची 29 मई तक अनिवार्य रूप से संयुक्त संचालक कार्यालय में जमा कराएं।

### चित्रकोट के पदरगुड़ा....

हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बार परिजन पीएम के बाद शव को दफनाने चित्रकोट लेकर आए, जिसका ग्रामीणों ने विरोध करते हुए शव दफनाने देने से मना कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि यहां ईसाई कब्रिस्तान नहीं है इसलिए शव को दफनाया नही जा सकता। इसके बाद दोनों पक्षों में शव दफनाने को लेकर विरोध शुरू हो गया। विवाद का पता लगते ही बड़ी संख्या में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाईश देते हुए कोर्ट के निर्देश का पालन करने कहा।

### नेताजी सुभाष चंद्र ....

इसे शुरू किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा गया कि सभी व्यवस्थाओं को शीघ्र पूर्ण कर आम नागरिकों के लिए स्विमिंग पूल प्रारंभ किया जाए। महापौर ने कहा कि गर्मी के मौसम में स्विमिंग पूल शुरू होने से शहरवासियों, विशेषकर युवाओं और बच्चों को राहत एवं मनोरंजन का बेहतर साधन मिलेगा।

### ग्रामीण हितग्राहियों.....

निभाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और मौके पर ही कई कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा घोटिया, तिरथा, सुधापाल और रतेंगा जैसी ग्राम पंचायतों के पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्के मकानों की सौगात दी गई, तो वहीं मनरेगा के तहत कुरुषपाल, पाथरी और बोदरा के ग्रामीणों को डबरी निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई। ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों की कर्मठ दीदियों से संवाद कर उन्हें लखपति दीदी के रूप में सम्मानित किया गया और सिलाई, किराना व सायकल स्टोर जैसी आजीविका गतिविधियों के लिए ऋण स्वीकृत कर लोन के चेक वितरित किए गए। इसी कड़ी में खाद्य विभाग द्वारा पात्र परिवारों को नए राशन कार्ड सौंपकर उनकी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की गई, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती और धात्री माताओं से संवाद कर उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता के प्रति आश्वस्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### मृतकों के परिजनों को 12 लाख की मिलेगी सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत नदी-नाले के पानी में डुबने से मृत्यु के पश्चात मृतक रोजा अवलम के निकटतम वारिस उनके पिता सोना अवलम, मृतिका मैनो कुहरामी के निकटतम वारिस उनके पिता बलीराम कुहरामी एवं मृतक रमेश गोरला के निकटतम वारिस उनकी पत्नी शशिकला गोरला सहित प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपये कुल 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### गंभीर कुपोषण से सामान्य श्रेणी तक पहुंची नन्ही शान्वी



**बीजापुर।** भोपालपटनम के सेक्टर संड्रा अंतर्गत ग्राम पीलूर की एक वर्षीय बालिका शान्वी मड़े ने गंभीर कुपोषण से उबरकर सामान्य श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है। शान्वी की माता सरिता मड़े ने बताया कि बच्ची का स्वास्थ्य कमजोर था तथा उसका वजन आयु के अनुसार काफी कम था। प्रारंभिक जांच में शान्वी गंभीर कुपोषण की श्रेणी में पाई गई। जिनका प्रारंभिक वजन 7.900 किलोग्राम था जो कि वर्तमान में वजन 9.200 किलोग्राम और ऊँचाई 70.2 सेंटीमीटर आयु 1 वर्ष है। परिवार की सहमति मिलने पर शान्वी को 2 अप्रैल को एनआरसी में भर्ती कराया गया, जहाँ उसे चिकित्सकीय देखरेख के साथ विशेष पोषण आहार एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया गया। आज शान्वी गंभीर कुपोषण से पूरी तरह उबरकर सामान्य श्रेणी में पहुँच चुकी है।

### स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं में सुधार पर जोर

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम एवं 50 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल की समीक्षा बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन एवं गुणवत्ता सुधार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डॉ रामटेके ने अस्पताल की ओपीडी सेवाओं का नियमित एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# लाल आतंक के खात्मे के बाद 4 दशक में पहली बार दारेली पहुंचा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर





जिले में माओवाद की वजह से 4 दशक तक यहां न कोई प्रशासनिक अमला और पूर्व में न हीं जनगणना का कार्य हो पाया था। 2011 में यहां पर माओवाद की काली साये की वजह से जनगणना का कार्य से अछुता रहा। लेकिन 4 दशक के बाद नक्सल प्रभाव और भय के साये में जीने वाला दारेली गांव अब बदलाव की नई कहानी लिख रहा है।

ग्रामीणों के लिए यह केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि मुख्यधारा से जुड़ने की नई शुरुआत साबित हुई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाएं अब उन गांवों तक पहुंच रही हैं, जहां कभी लाल आतंक के कारण विकास की कल्पना भी मुश्किल थी। इसी कड़ी में कलेक्टर विश्वदीप और जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, जनगणना प्रभारी अधिकारी मुकेश देवांगन, उसूर एसडीएम भूपेन्द्र गावरे ने दारेली गांव का दौरा कर ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। गांव पहुंचते ही प्रशासनिक अधिकारियों का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। वर्षों से अपनी बात शासन तक नहीं पहुंचा पाने वाले ग्रामीणों ने पहली बार महसूस किया कि सरकार उनके द्वार तक आई है। इस दौरान गांव में जनगणना का कार्य भी कराया गया, जो दारेली के इतिहास में पहली बार हुआ। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए सुखद पल बताया।

कलेक्टर विश्वदीप ने ग्रामीणों से चर्चा कर जमीन के पट्टा, आधार कार्ड, बैंक खाते, राशन कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी ली। कई लोगों के दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर उन्होंने अधिकारियों को गांव में विशेष शिविर लगाकर सभी का शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

दौरे के दौरान एक भावुक क्षण तब सामने आया, जब एक किसान ने बताया कि पिता के निधन के बाद भी उसकी जमीन का नामांतरण अब तक नहीं हो पाया है। किसान की पीड़ा सुन कलेक्टर विश्वदीप ने तत्काल अधिकारियों को नामांतरण की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए और इसकी जानकारी स्वयं लेने की बात कही। प्रशासन की संवेदनशीलता देखकर किसान भावुक हो उठा और उसने हाथ जोड़कर कलेक्टर को धन्यवाद दिया। कलेक्टर श्री विश्वदीप ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। साथ ही ग्राम पंचायत दारेली के सभी बच्चों को छात्रवृत्ति दिलाने के निर्देश भी दिए गए। एक समय भय और उपेक्षा का प्रतीक रहा दारेली गांव अब विकास, विश्वास और नई उम्मीद की राह पर आगे बढ़ रहा है। प्रशासन की यह पहल ग्रामीणों के दिलों में भरोसे की नई रोशनी जगा रही है।

## गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समय-सीमा में कराने के निर्देश

# निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर विश्वदीप ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जिले के विकास में शत-प्रतिशत योगदान देने की समझाइश दी। बुधवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में उन्होंने कहा कि टीएल में प्राप्त किसी भी प्रकरण का निराकरण 15 दिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी प्रकरण के समाधान में व्यवहारिक कठिनाई हो तो तत्काल अवगत कराया जाए।

■ आवेदनों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश

कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित अद्यतन जानकारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस्तर मुन्ने कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, जिसे सभी विभागों के समन्वय एवं तालमेल से शत-प्रतिशत सैचुरेशन तक पहुंचाया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में निर्माण एजेंसियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि बारिश से पहले पूर्ण होने वाले सभी निर्माण कार्य पुल-पुलिया, रपटा, स्कूल, आंगनबाड़ी, राशन दुकान सहित अन्य भवनों का निर्माण तेजी और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। पीएमजीएसवाय, पीडब्ल्यूडी तथा अन्य निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि जो कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल शुरू कर समय-सीमा में पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में जिले में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां पहुंचना कठिन हो, इसलिए निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। पीएमजीएसवाय सड़कों के निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और पीडब्ल्यूडी व पीएमजीएसवाय अधिकारियों को सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता करने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बेलनार, बैल पुजारी कांकेर सहित विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए बारिश पूर्व पुल-पुलिया एवं रपटा निर्माण पूर्ण कराने पर जोर दिया गया। समस्त एसडीएम को निर्देशित किया गया कि बरसात के दौरान जिन गांवों में पहुंचना कठिन हो जाता है, वहां की चिन्हित राशन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में राशन सामग्री चावल, नमक, शक्कर, गुड़ एवं चना का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उपार्जन केंद्रों में रखे धान का मिलरों के माध्यम से शीघ्र उठाव कराने के निर्देश दिए गए।

खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विद्युत वितरण कंपनी को भी वर्षा पूर्व शेष गांवों में विद्युतीकरण कार्य स्पष्ट कार्ययोजना के साथ पूर्ण करने को कहा गया। एग्रीस्टेक के तहत 5 जून तक शत-प्रतिशत किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है।

# एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में नवागत विद्यार्थियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा में नवागत छात्रों के स्वागत फ्रेशर्स डे और अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह फेयरवेल का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ऑडिटोरियम जावांगा में बेहद उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जहाँ जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को विदाई दी और नए साथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। दीप प्रज्वलन और राज्य गीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ राज्य गीत अरपा पैरी के धार के सस्वर गान के साथ गरिमामय माहौल में हुआ।

■ सीनियर्स को दी गई भावभीनी विदाई

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संस्थान के पूर्व छात्र इमरान आलम उपस्थित रहे। उन्होंने एनएमडीसी लिमिटेड में नौकरी पाने के अपने सफर को छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि कैसे इस संस्थान से पास आउट होने के बाद कड़ी मेहनत और सही दिशा में प्रयास करके सफलता हासिल की जा सकती है। उनकी इस प्रेरक कहानी ने विद्यार्थियों में नया जोश भर दिया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने छात्रों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। उन्होंने संबोधन में कॉलेज की प्रगति रिपोर्ट पेश की और छात्रों की विभिन्न उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। डॉ. ठाकुर ने कहा कि संस्थान हमेशा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विदा होने वाले छात्रों को जीवन के नए सफर के लिए मार्गदर्शन भी दिया। समारोह को यादगार बनाने के लिए जूनियर्स ने फ्रेशर्स और सीनियर्स के लिए कई तरह के मनोरंजक खेलों का आयोजन किया। इसके साथ ही छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों को दिए गए अनोखे और दिलचस्प टाइटल्स रहे, जिन्होंने पूरे माहौल को हंसी-मजाक और तालियों से गूंजने पर मजबूर कर दिया। मुख्य खिताबों में तृषा होंतली मैकेनिकल ब्रांच को मिस फ्रेशर, मोहम्मद शाहिद इलेक्ट्रिकल ब्रांच को मिस्टर फ्रेशर के अवार्ड से नवाजा गया।

मिस्टर फेयरवेल दशरथ पंजरों मैकेनिकल को और मिस फेयरवेल अलीशा इलेक्ट्रिकल को दिया गया। इस पूरे आयोजन ने जहाँ नए छात्रों को कॉलेज परिवार से घुलने-मिलने का मौका दिया, वहीं विदा हो रहे छात्रों की आँखों में पुरानी यादें और भविष्य के सपने तैर गए। राष्ट्रगान और सुरुचिपूर्ण भोज के साथ इस शानदार और यादगार कार्यक्रम का समापन हुआ।

# एनएमडीसी ने ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



भांसी में एनएमडीसी बचेली के सीएसआर विभाग द्वारा एनएमडीसी अपोलो अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का आयोजन स्वास्थ्य की गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया, जिसका लाभ सुदूर क्षेत्र के ग्रामीण ने भी उठाया।

इस शिविर में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सामान्य स्वास्थ्य जांच आदि की सुविधा उपलब्ध करवाई गयी जिसमें 132 ग्रामीण उपस्थित हुए। एनएमडीसी बचेली के परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली की उपस्थिति में इस पहल की शुरुआत की गयी। जिसमें महेश एस नायर महाप्रबंधक, सौरभ कुमार उप-महाप्रबंधक, जोसी थॉमस उप-महाप्रबंधक, सीएसआर, डॉ. श्यामली रॉय मुख्य चिकित्सा प्रशासक एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली, अन्य चिकित्सा अधिकारीगण, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सरपंच एवं सचिव भांसी तथा एनएमडीसी कर्मचारीगण इत्यादि सम्मिलित हुए।

मुख्य अतिथि श्रीधर कोडाली मुख्य महाप्रबंधक बचेली ने कहा कि एनएमडीसी बचेली अपने सामाजिक दायित्वों को निभाने में सदैव तत्पर रहा है और आस-पास के ग्रामीणों की स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता और गुणवत्ता बनाये रखने में सदा आगे रहेगी। सीएसआर विभाग बचेली आगे भी आस-पास के ग्रामों में ऐसे निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करेगी, जिससे अन्य ग्रामीण भी लाभान्वित होंगे।

# समाधान शिविर में हितग्राहियों को वितरित किए गए आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



राज्य शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने एवं शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार के तहत नगरीय निकाय दंतेवाड़ा द्वारा कतियाररास में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

■ घर एवं दुकानों तक पहुंची प्रशासन की टीम

शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर के दौरान पूर्व में आयुष्मान कार्ड हेतु आवेदन कर चुके पात्र हितग्राहियों, जिनके कार्ड तैयार हो चुके थे, उन्हें मौके पर ही आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों को कार्ड सौंपते हुए योजना से मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे जरूरतमंद परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

कतियाररास में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में आए जय कुमार ने बताया कि उन्होंने कुछ समय पूर्व आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया था। सुशासन तिहार समाधान शिविर के माध्यम से उनका आयुष्मान कार्ड तैयार होकर उन्हें प्राप्त हुआ।

कार्ड मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब जरूरत पड़ने पर परिवार को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के कारण आम लोगों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है।

# डायल 112 सेवा व हाईवे पेट्रोलिंग शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल

प्रारंभिक तौर पर जिले में डायल 112 सेवा का संचालन थाना दंतेवाड़ा, गीदम, बचेली एवं किरंदुल क्षेत्रांतर्गत प्रारंभ किया गया है। आज जिला दंतेवाड़ा में आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने हेतु डायल 112 आपातकालीन सेवा एवं हाईवे पेट्रोलिंग का शुभारंभ दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अट्टामी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी के करकमलों द्वारा किया गया।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय द्वारा डायल 112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह सेवा जिले के नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके माध्यम से पुलिस, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक आपात सेवाएं शीघ्रता से लोगों तक पहुंचाई जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने डायल 112 सेवा की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में नागरिक 112 नंबर पर कॉल कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा 24 घंटे संचालित रहेगी तथा प्रारंभिक तौर पर जिले के चार थानों के क्षेत्रांतर्गत तक भी प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, एसडीओपी राहुल उइके, गोविंद दीवान, नसरुल्ला सिद्दीकी, रक्षित निरीक्षक सुशील नौटियाल, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिन्हा, डायल 112 प्रभारी उपनिरीक्षक रूपेश नारंग सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



नगर पालिका परिषद किरंदुल के कार्यालय में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर 20 मई को बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, व्यापारी, दुकानदार, होटल संचालक एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल से पूरे देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम लागू किया गया है। इसके तहत नगर क्षेत्र में निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे का पृथक्करण, सुरक्षित परिवहन एवं वैज्ञानिक निपटान अनिवार्य किया गया है। नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करें तथा स्वच्छता बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें। साथ ही बताया गया कि कचरा प्रबंधन के लिए चार प्रकार के डस्टबिन का उपयोग किया जाएगा, जिसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा एवं सैनिटरी वेस्ट को अलग-अलग एकत्रित किया जाएगा। होटल संचालकों, मेडिकल स्टोर, किराना दुकानों, मैरिज हॉल एवं अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों को कचरा प्रबंधन संबंधी नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। उप अभियंता संजय मार्कण्डेय ने बताया कि सभी बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों को अपने परिसर में कचरा संग्रहण एवं प्रसंस्करण की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार जुर्माना एवं कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका परिषद किरंदुल द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन शिकायत एवं सुझाव प्रणाली शुरू किए जाने की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता, कचरा उठाव, नाली सफाई एवं अन्य समस्याओं के समाधान हेतु नागरिक हेल्पलाइन नंबर एवं व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकेंगे। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने बताया कि प्लास्टिक कैरी बैग, प्लास्टिक कप, प्लेट, चम्मच, स्ट्रॉ एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री के उपयोग एवं बिक्री पर कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों ने भी नगर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। अंत में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं नागरिकों को नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।




**समक्ष श्रीमान अनुविभागिय अधिकारी (रा.) नारायणपुर जिला नारायणपुर**

**नाम परिवर्तन हेतु शपथ–पत्र**

मैं महंगू पोयाम पिता चैतु पोयाम उम्र- 35 वर्ष निवासी- रायनार तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 का हूं। शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मैं ग्राम- रायनार तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर छ.ग. 494661 का / की निवासी हूं।
2. यह कि मेरी पुत्री का नाम प्रमिला पोयाम है। जो सत्य व सही हैं एवं मेरी पुत्री के नाम से जारी स्कूली प्रमाण पत्र में अंकित है।
3. यह कि मेरी पुत्री के नाम से आधार कार्ड क्रमांक 7385 0457 0370 जारी हुआ है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम सुनीता लिखा गया है। जिसे मैं सुधरवाकर अपनी पुत्री का नाम प्रमिला पोयाम लिखवाना चाहता हूं।
4. यह कि यह शपथ पत्र मेरे पुत्र के परिचय पत्र आधार कार्ड अंकसूची एवं सभी शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों अन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम प्रमिला पोयाम अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं महंगू पोयाम पिता चैतु पोयाम उम्र- 35वर्ष निवासी- रायनार तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र बयान की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 20/05/2026 को स्थान नारायणपुर पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं।

**शपथकर्ता**

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा, जिला बस्तर**

**मामले की श्रेणी :-राजस्व**

विषयः- ब-121 सन्ः- 2025-2026
धुरागांव प.ह.नं. 00014 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार -समिला,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका समिला पिता सन्नू जाति माड़िया ग्राम धुरागांव तहसील लोहंडीगुड़ा में आवेदिका अपनी स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदिका अपनी स्वयं समिला पिता स्व. सन्नू का जन्म दिनांक 15/07/2006 को उल्लेख है।

जिसकी पेशी दिनांक 22/05/2026 को नियत किया गया है। वह उदघोषणा ग्राम धुरागांव के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्राम वासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो वह उदघोषणा जारी नियत तिथि 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय को आपति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपप्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**कैलाश पोयाम**
**तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा**

## खबर संक्षेप

### तिरिया पर्यटन स्थल का विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



जगदलपुर। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में भूगोल अध्ययनशाला के एमए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बुधवार को तिरिया पर्यटन स्थल का विशेष भौगोलिक भ्रमण किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्राकृतिक भौगोलिक स्वरूपों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने साबरी नदी एवं गणेश बहार नाला के संगम पर बना वितरिका एवं डेल्टा जैसे विशिष्ट एवं जटिल भौगोलिक स्वरूपों का भी अध्ययन किया। इसके अलावा भ्रमण दल देउल देवड़ा शिव मंदिर का दर्शन किया। इस अध्ययन भ्रमण से विद्यार्थियों को प्राकृतिक भू-आकृतियों, नदी तंत्र एवं डेल्टा निर्माण प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त हुआ, जिससे उनके भौगोलिक ज्ञान एवं व्यावहारिक अध्ययन क्षमता में वृद्धि हुई। भ्रमण विभागाध्यक्ष प्रो. एमएस मिश्रा के निदेर्शानुसार डॉ. राकेश कुमार खरवार के नेतृत्व संपन्न हुआ। अध्ययन दल में रचना, योगेश, अनामिका, शारदा, अनिशा, कौशल्या, प्रियंका, ललिता, फूलमती,आसमती, रंजीता, सतीश, गोविंद शामिल थे।

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना परीक्षा 26 जुलाई को

जगदलपुर। राज्य शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा ग्रामीण अंचल के होनहार बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए एक सराहनीय पहल के अंतर्गत मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (सत्र 2026-27) के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिभावान छात्रों को देश के प्रतिष्ठित निजी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना है। योजना की सबसे खास बात यह है कि इसमें चयनित होने वाले बच्चों को कक्षा 12वीं तक की शिक्षा निःशुल्क दी जाती है और उनके शिक्षण का पूरा खर्च राज्य शासन द्वारा वहन किया जाता है। यह परीक्षा 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी।

1.02 करोड़ के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन, गांव-गांव तक पहुंचेगा विकास

# केदार ने दी मर्दापाल मंडल में विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने मर्दापाल मंडल क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का भूमिपूजन कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी। लगभग 1 करोड़ 2 लाख की लागत से होने वाले इन निर्माण कार्यों में पंचायत भवन, पुलिया एवं सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। ग्राम पंचायत सोनाबाल में 20 लाख की लागत

- निर्माण कार्यों से बरसात के दिनों में लोगों को मिलेगी राहत





से बनने वाले पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत नगरी में 9 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। ग्राम पंचायत खण्डाम में 20 लाख की लागत से पंचायत भवन निर्माण एवं 9 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत बोरगांव में 4.50 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। ग्राम पंचायत खचगांव में 20 लाख की लागत से पंचायत भवन निर्माण एवं 4.50 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। ग्रामीणों ने लंबे समय से पंचायत भवन एवं पुलिया निर्माण की मांग की थी, जिसके पूरा होने से क्षेत्रवासियों को सुविधा मिलेगी। बेतबेडा क्षेत्र में 6 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं पोलंग ग्राम पंचायत में 9 लाख की लागत से स्पॉन पुलिया निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। इन निर्माण कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा मजबूत होगी तथा बरसात के दिनों में लोगों को राहत मिलेगी।

### आमाबूंदीन माता मंदिर में की पूजा-अर्चना

कार्यक्रम के दौरान मंत्री कश्यप ने आमाबूंदीन माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ता सम्मेलन में विकास और संगठन पर जोर

भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात मर्दापाल स्थित इमली प्रसंस्करण केंद्र में भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मंत्री कश्यप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर अब तेजी से बदल रहा है और विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों के विकास को नई प्राथमिकता मिली है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अब बस्तर के अंतिम गांव तक पहुंच रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और संचार के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं, जिससे लोगों का जीवन आसान बन रहा है। मंत्री कश्यप ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बस्तर में सुरक्षा और विकास दोनों को समान प्राथमिकता दी है। उनके लगातार बस्तर प्रवास और मॉनिटरिंग के कारण क्षेत्र में विश्वास का माहौल मजबूत हुआ है। आज बस्तर विकास और शांति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही सरकार

उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों तक सड़क, भवन, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंचें। भाजपा सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती बल्कि धरातल पर विकास कार्यों को मूर्त रूप देने का काम करती है। आने वाले समय में मर्दापाल मंडल सहित पूरे बस्तर क्षेत्र में और भी बड़े विकास कार्यों को गति दी जाएगी।

# इंदिरा गांधी वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी कृष्णा ने वापस लिया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगरीय निकाय चुनाव के तहत नाम वापसी के अंतिम दिन राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर रहीं। इसी कड़ी में इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 16 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे कृष्णा ठाकुर ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। उनके इस कदम के बाद वार्ड के चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं। कृष्णा ठाकुर द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में राजनीतिक हलचल तेज दिखी। इस मौके पर महापौर संजय पांडेय, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही, अमरचंद्र सांखला, नरेंद्र पाणिग्राही, शशि रथ, शशिनाथ पाठक, सूरज श्रीवास्तव और महेश सिंह ठाकुर मौजूद रहे। वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में हुई इस नाम वापसी को वार्ड की चुनावी रणनीति के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रत्याशी ठाकुर की नाम वापसी के बाद अब वार्ड में मुख्य मुकाबला और भी रोचक होने की उम्मीद है।

# तुलसी मानस प्रतिष्ठान के युवराज अध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देने के उद्देश्य से तुलसी मानस प्रतिष्ठान दुर्गूकोंदल की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नई टीम के गठन के साथ ही क्षेत्र में रामचरितमानस के प्रचार-प्रसार, मानस गान, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक आयोजनों को और अधिक सक्रियता से संचालित करने का संकल्प लिया गया। प्रतिष्ठान की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से युवराज पटेल को अध्यक्ष चुना गया। वहीं भगवानी राम सिन्हा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर रामगोपाल साहू, शंकरदास नागवंशी एवं जगदेव पांडे को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा विकास राजू नायक को सचिव तथा संतराम चुरेंद्र को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। समन्वयक के रूप में श्यामलाल दुग्गा एवं यशवंत तिवारी को जिम्मेदारी दी गई। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी प्रवीण कुमार सिन्हा को दी गई, जबकि भूपेंद्र सिन्हा एवं दुर्गेश देवांगन को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि रामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, नैतिकता और जीवन मूल्यों का आधार है।

मानस गान के माध्यम से समाज में भाईचारा, सद्भाव एवं संस्कारों का प्रसार होता है। नई कार्यकारिणी गांव-गांव जाकर मानस मंडलियों को प्रोत्साहित करेगी तथा युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं भक्ति परंपरा से जोड़ने का कार्य करेगी। प्रतिष्ठान द्वारा आगामी दिनों में मानस गान प्रतियोगिता, संगीतमय रामायण पाठ, भजन संध्या एवं धार्मिक प्रवचन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सदस्यों ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस आज भी लोगों को सत्य, सेवा, त्याग और मर्यादा का संदेश देती है।

# छात्राओं को अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव के बताए तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में अग्निशमन एवं सुरक्षा विभाग के सहयोग से अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन परिस्थितियों तथा

- कन्या पॉलिटेक्निक में हुआ अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम





बचाव के उपायों प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में अग्निशमन अधिकारी एवं नगर सेना कमांडर एसके मार्बल ने छात्राओं को आग की विभिन्न श्रेणियों, उनके कारणों तथा आग लगने की स्थिति में उसे नियंत्रित एवं बुझाने के प्रभावी तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही समय पर सतर्कता और उचित तकनीक अपनाकर बड़ी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। इस अवसर पर हवलदार सुशील कुमार साहू एवं एसडीआरएफ स्टाफ भी उपस्थित रहे। टीम द्वारा आग बुझाने की प्रक्रिया का लाइव डेमोस्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया, जिसे छात्राओं ने उत्साहपूर्वक देखा और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एसके त्रिवेदी ने अग्निशमन एवं सुरक्षा विभाग की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक हैं। उन्होंने छात्राओं से प्राप्त जानकारी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह भी किया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए ग्रामीणजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत बुधवार को जिले के विकासखंड मुख्यालय दरभा और जगदलपुर ब्लॉक के ग्राम हल्बा कचोरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी एवं बड़ी संख्या में

- दरभा एवं हल्बा कचोरा में सुशासन तिहार के तहत जन समस्या निवारण शिविर

ग्रामीणजन मौजूद रहे। इन दोनों शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पात्र हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड और वय वंदन कार्ड एवं राशन कार्ड निर्माण की सुविधा भी प्रदान की गई। इन दोनों शिविर में आम जनता से उनकी मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया।



### दरभा शिविर में हुई अन्नप्राशन एवं गोदभराई रस्म

दरभा शिविर में प्राप्त 163 आवेदनों में से 101 का निराकरण किया गया और दो दिव्यांगजनों को व्हील चेयर प्रदान किया गया। साथ ही मत्स्यपालन विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को जाल एवं आइसबाक्स, 30 स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। वहीं स्व सहायता समूहों से जुड़े 55 दीदियों को एक करोड़ 59 लाख रुपए बैंक ऋण प्रदान किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पांच बच्चों का अन्नप्राशन एवं 6 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई रस्म कराया गया।



### तीन हितग्राहियों को सौंपी गई प्रधानमंत्री आवास की चाबी

हल्बा कचोरा शिविर में प्राप्त 63 आवेदनों में से 36 आवेदन पत्र निराकृत किए गए। इसके साथ ही तीन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपकर उन्हें नये आवास के लिए बधाई दी गई। कृषि विभाग के द्वारा 21 किसानों को रागी बीज मिनिकिट तथा मत्स्यपालन विभाग द्वारा चार हितग्राहियों को जाल एवं आइसबाक्स प्रदान किया गया। शिविर में महिला स्व सहायता समूहों के पाँच दीदियों को दस लाख रुपए बैंक ऋण भी वितरित किया गया।

इन दोनों शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आम जनता को चिकित्सकीय परामर्श देकर आवश्यक दवाइयाँ भी उपलब्ध कराया। शिविर में पहुँचने वाले ग्रामीण मरीजों एवं आम नागरिकों की स्वास्थ्य जाँच की गई, जिसके तहत स्वास्थ्य अमले द्वारा उपकरणों के माध्यम से मरीजों के रक्तचाप, मधुमेह, वजन तथा सिकलसेल की त्वरित जांच की गई। इसके साथ ही वर्तमान मौसम के मद्देनजर मौसमी बीमारियों से पीड़ति मरीजों का विशेष परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में मोतियाबिंद पीड़ति मरीजों की आँखों की विस्तृत जांच कर उन्हें निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए जन-जागरूकता गतिविधियों के तहत ग्रामीणों को लू से बचने के घरेलू उपाय, ओआरएस के लाभ, उसके सही उपयोग तथा इसे घर पर बनाने की आसान विधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

दरभा शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि और एसडीएम शंकरलाल सिंहा, जनपद पंचायत सीईओ वीरेन्द्र बहादुर तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसी तरह हल्बा कचोरा शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉयल 112 फेस टू नेक्स्ट जेनरेशन के तहत जिले को मिले 11 अत्याधुनिक वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ऐतिहासिक लालबाग मैदान में बुधवार को बस्तर जिले के लिए मिली ग्यारह अत्याधुनिक डायल 112 व फॉरेंसिक मोबाइल वैन को विधायक किरण सिंह देव व आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने पूजा अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

- विधायक व आईजी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



लालबाग मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर संजय पांडे, नगर निगम के सभापति खेम सिंह देवांगन, आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम, कलेक्टर आकाश छिकारा, एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी माहेश्वर नाग समेत पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व जवान मौजूद थे।

आमंत्रित अतिथियों ने डायल 112 के मोबाइल वैन का विधिवत पूजा-अर्चना कर वैन में लगे आधुनिक संसाधनों के बारे जानकारी ली। गौरतलब है कि 18 मई को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राजधानी रायपुर में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में छत्तीसगढ़ की अत्याधुनिक डायल 112 आपातकालीन सेवा तथा आधुनिक फॉरेंसिक मोबाइल वैन के बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य की आपातकालीन सहायता प्रणाली का विस्तार करना और नए आपराधिक कानूनों के तहत वैज्ञानिक अनुसंधान क्षमता को मजबूत करना है।

प्रदेश में वर्ष 2018 से संचालित डायल 112 आपात सेवा का दायरा बढ़ाते हुए इसे अब राज्य के सभी 33 जिलों में पूरी तरह लागू कर दिया गया है। इससे पूर्व यह प्रदेश के केवल 16 जिलों में संचालित था। इस नए और उन्नत चरण के तहत संपूर्ण व्यवस्था को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम और त्वरित बनाया गया है। सुरक्षा मानकों और सहायता क्षमता को मजबूत करने के लिए डायल 112 सेवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्थान पहचान तकनीक को जोड़ा गया है जिससे संकट में फंसे व्यक्ति की वास्तविक भौगोलिक स्थिति का सटीक पता लगाया जा सकेगा।

इसके साथ ही आपातकालीन कॉल और आंकड़ों का संचालन बिना किसी बाधा के जारी रखने के लिए सिविल लाइंस स्थित प्राथमिक नियंत्रण केंद्र के अतिरिक्त नया रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में वैकल्पिक बैकअप प्रणाली पर आधारित दूसरा नियंत्रण केंद्र भी सक्रिय किया गया है।

### आपातकालीन सुविधा के साथ ही स्थल पर वैज्ञानिक जांच की सुविधा

डॉयल 112 आपातकालीन सेवा एवं सीन ऑफ क्राईम यूनिट मोबाईल फॉरेंसिंक वाहन के प्रारम्भ होने से अब मौके पर ही आपातकालीन सुविधा के साथ ही अपराधस्थल पर ही वैज्ञानिक जांच को और अधिक प्रभावी व आधुनिक बनाना है। नागरिकों को अब पुलिस सहायता, चिकित्सा सुविधा एवं महिला सबंधी सहायता त्वरित उपलब्ध कराई जा सकेगी। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायत उपलब्ध हो सकेगा। यह किसी भी तकनीकी समस्या या आपदा की स्थिति में स्वतः बैकअप के रूप में कार्य करेगा। अब राज्य के नागरिक पारंपरिक दूरभाष कॉल के अलावा 112 इंडिया अनुप्रयोग, संकट संकेत सेवा, लघु संदेश सेवा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित संवाद प्रणाली, ईमेल, वेब अनुरोध तथा सामाजिक माध्यमों के जरिए भी आपातकालीन सहायता प्राप्त कर सकेंगे। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस व्यवस्था में पैनिक बटन और विशेष निगरानी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं जिससे पुलिस सहायता, एम्बुलेंस, अग्निशमन सेवा तथा महिला सहायता हेल्पलाइन को एकीकृत मंच पर उपलब्ध कराया जा सकेगा।

